कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दिनांक : 13/11/2024

// प्रेस विज्ञप्ति//

डॉ. रेशमा लाकेश की पुस्तक बेसिक न्यूट्रीशन का विमोचन

शासकीय डॉ वामन वासुदेव पाटणकर कन्या महाविद्यालय के गृहविज्ञान विभाग की डॉ. रेशमा लोकेश की पुस्तक ‘‘बेसिक न्यूट्रीशन’’ का विमोचन किया गया।

डॉ. रेशमा लाकेश ने बताया कि यह उनकी दसवीं पुस्तक है जो नई शिक्षा नीति को दृष्टिगत कर लिखी गई है। जिसमें मूल पोषण एवं आहार की गहन एवं सुक्ष्म जानकारी दी गई है जो व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित है। जिसमें बताया गया है कि दैनिक आहार में पोषक तत्वों का समावेश निरोगी एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है।

आहार एवं पोषण की विशेषज्ञ डॉ. अमिता सहगल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पुस्तक पोषण के बुनियादी सिद्धातों को सरल और स्पष्ट रूप से समझने के लिए तैयार की गई है। इसकी सरल भाषा एवं लेखनी छात्राओं के लिए अत्यन्त उपयोगी है। आहार एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने में यह पुस्तक कारगार सिद्ध होगी। बेसिक न्यूट्रीशन आमेजान पर उपलब्ध है।

इस अवसर पर समस्त प्राध्यापकों ने डॉ. रेशमा लाकेश को बधाई एवं शुभकामनायें दी।

(डॉ0 डी.सी. अग्रवाल)
प्रभारी प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)